## एक नजर में

### आर्य समाज आज मनाएगा श्रीराम जन्मोत्सव

**मंदसौर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राकट्य उत्सव 'रामनवमी' के पावन पर्व पर नगर के आर्य समाज परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज 27 मार्च 2026, शुक्रवार को प्रात: 9 बजे से आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में वैदिक रीति-रिवाज से प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की गरिमा ब?ाने के लिए मुख्य प्रवक्ता के रूप में बू?ा वाले सुप्रसिद्ध विद्वान मुकेश आर्य विशेष रूप से पधार रहे हैं। आयोजन की जानकारी देते हुए आर्य समाज के प्रधान मधुसूदन आर्य ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र यज्ञ के साथ होगा, जिसे मुकेश आर्य द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात भगवान श्री राम के आदर्श जीवन, उनके संघर्षों और मानवीय मूल्यों पर आधारित एक विशेष व्याख्यान आयोजित होगा, जिसमें वक्ता द्वारा प्रभु राम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर भक्तिमय भजनों की मधुर प्रस्तुतियाँ भी दी जाएंगी। आर्य समाज परिवार ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी जनता और श्रद्धालुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे शुक्रवार सुबह प्रात: 9 बजे आर्य समाज परिसर में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

### धर्मधाम गीता भवन में 29 को अन्तर्राष्ट्रीय संत दिग्विजयराम का एक दिवसीय सत्संग

**मन्दसौर।** धर्मधाम गीता भवन के संस्थापक व अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय संत श्री रामनिवास जी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में 29 मार्च 2026, रविवार को दोपहर 3 बजे धर्मधाम गीता भवन में चित्तौड़गढ़ (राज.) के अन्तर्राष्ट्रीय युवा संत दिग्विजयराम महाराज का एक दिवसीय सत्संग का आयोजन रखा गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए गीता भवन ट्रस्ट के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि धर्मप्रेमी सर्वश्री जगदीश चौधरी, इंजीनियर रामगोपाल गुप्ता, सुरेन्द्र फरक्या, ओम रत्नावत, अशोक रत्नावत, भगवानदास विजयवर्गीय, ज्योतिषज्ञ दीदी लाडकुंवर, विद्या उपाध्याय, पुष्पा बैरागी, अंजू तिवारी, पुष्पा गुप्ता, पूजा बैरागी, पुष्पा पाटीदार, रानू विजयवर्गीय, सुमित्रा चौधरी आदि ने धर्मप्रेमी जनता से अन्तर्राष्ट्रीय युवा संत श्री दिग्विजयराम जी महाराज के दिव्य प्रवचनों का लाभ लेने की अपील की है।

### नाग देवता की बावड़ी पर जन और संस्कृति विकास समिति ने किया श्रमदान और सफाई कार्य



**मंदसौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत नाग देवता की बावड़ी पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जन एवं संस्कृति विकास समिति द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस श्रमदान अभियान में विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट, संस्था अध्यक्ष बंशीलाल राठौर, परामर्शदाता संदीप शर्मा, सुधीर शर्मा, महेश लखारा, हितेंद्र भाई, गरिमा मालवीय, कविता चौहान, प्रमिला बैरागी, ज्योति मालवीय सहित नगर प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी रेखा बैरागी और संतोष साल्वी की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट ने उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

## पेंशनर्स वैद्यता अधिनियम वापस लेने की मांग, ज्ञापन




**मंदसौर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा देश के पेंशनरों के लिए वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग को लेकर भारत पेंशनर समाज जिला शाखा मंदसौर के तत्वावधान में रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, म.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार प्रियंका मिमरोट को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि अधिनियम लागू होने पर पेंशन भोगियों की सेवानिवृत्ति तिथि, पेंशन पात्रता के संबंध में वर्गीकरण और उनके बीच अंतर का आधार होगा जिससे केंद्रीय तथा राज्यों के वेतन आयोग के कार्यकाल से पहले के पेंशनर्स वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभ से वंचित हो जाएंगे। मौजूदा पेंशनर्स को पेंशन वृद्धि का लाभ न मिलने के कारण नुकसान उठाना प?ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार पेंशन एक सामाजिक कल्याणकारी व्यवस्था है जो उन लोगों को सामाजिक आर्थिक न्याय प्रदान करती है, जिन्होंने केंद्र या राज्य सरकारों के लिए अथक परिश्रम किया है। इस मौके पर एक अन्य ज्ञापन में स्थानीय स्तर पर पेंशन प्रकरणों के निराकरण में अत्यधिक विलंब होने के संबंध में समय पर प्रकरणों का निराकरण करने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय भारत पेंशनर समाज जिला अध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक शर्मा, संयोजक बलवंत सिंह कोठारी, महामंत्री वल्लभ बघेरवाल, इंजि. सुनील व्यास तथा अन्य पदाधिकारी हेमराज खाबिया, रामगोपाल सेठिया, राजेंद्रसिंह चौहान, शैलेंद्र गुप्ता, विद्युत मंडल पेंशनर संघ के अध्यक्ष खूबचंद शर्मा, राजेंद्र सिंह चौधरी, इंजीनियर्स संघ के दिलीप कुमार जोशी, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के सतीश नागर, के.सी. श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार जैन, डी.के. नागोरे, बृजेन्द्रसिंह चौहान, चेनसिंह भाटी, नंदलाल राठौर, सुरेशचन्द्र पण्ड्या, अर्जुनसिंह सिसौदिया, बापूलाल कंठाली, एस.सी. व्यास, जगन्नाथ मावर, रतनसिंह राठौर, दिनेश भिंडवाल, प्रीतमसिंह चंदवानी, राधेश्याम गुप्ता, महेशचन्द्र शर्मा, अभय कुमार जैन, देवीलाल देव?ा, आजाद पठान, अभय जैन जनपद, ओंकारलाल चौधरी, कैलाश कुमावत, महावीर रधुवंशी, ओमप्रकाश पाटीदार, एस.एन. श्रीवास्तव, महेशसिंह भाटी, गोपाल पाटीदार, नरेन्द्र सैनी, रामगोपाल गुप्ता सहित अनेकों पेंशनर्स उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन रामगोपाल सेठिया व दिनेश पालीवाल ने किया। आभार अशोक शर्मा ने माना। उक्त जानकारी कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने दी।




## आनंद विहार में 1 से योग की अलख जगाएगा दशपुर योग संस्थान

**मंदसौर।** नगर में योग की अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था दशपुर योग शिक्षा संस्थान अब आनंद विहार क्षेत्र में भी नियमित योग कक्षाओं का संचालन शुरू करने जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्ययोजना को लेकर आनंद विहार स्थित श्री झूलेलाल मंदिर परिसर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए दशपुर योग शिक्षा संस्थान के संस्थापक और योग गुरु सुरेंद्र जैन ने कहा कि संस्थान पिछले कई वर्षों से मंदसौर में नि:शुल्क योग कक्षाएं चला रहा है, जिससे हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। चूंकि आनंद विहार क्षेत्र से लोगों के लिए शहर के संस्था के अन्य केंद्रों पर नियमित पहुंचना कठिन हो रहा था, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि 1 अप्रैल बुधवार से यहीं पर प्रतिदिन नि:शुल्क कक्षाएं संचालित की जाएंगी। कॉलोनीवासियों ने भी योग केंद्र को लेकर सुझाव साझा किए और इस पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। सामूहिक निर्णय के अनुसार यह योग शिविर आगामी 1 अप्रैल से निरंतर मैत्री उद्यान, आनंद विहार में आयोजित किया जाएगा। योग अभ्यास रोज सुबह 7 से 8 बजे तक रहेगा, जबकि रविवार को अवकाश रखा जाएगा। संस्थान और मंदिर समिति ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस नि:शुल्क योग सेवा का लाभ उठाएं। शुभारंभ भगवान झूलेलाल की आरती के साथ हुआ। योग संस्था के जितेश फरक्या, विजय पलोड़, प्रीति जैन, जापानी भावनानी, नीलम जैसवानी, सुभाष पाटीदार, कंवरलाल पाटीदार, क्षेत्रवासी दयाराम लवाणी, रमेश लवाणी, किशन लवाणी, भगवानदास वासवानी, किशोर आनंद, हेमंत चदानी, आशीष जैन, सोनू जैन, बागीभाई संगतानी, लताबाई संगतानी, बलवानी भाभी, देवीदास हरवानी, दिशा, हेमंत टेकचंदानी, विजू मोटवानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जनअभियान परिषद ने किया दीवार लेखन का किया कार्य

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद, मंदसौर के अंतर्गत विकासखंड गरोठ में चयनित नवांकुर संस्था सामाजिक एवं पर्यावरण जन जागरण समिति, बामणी सेक्टर गरोठ द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में दीवार लेखन का कार्य किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य जन-जन में जल संरक्षण, जल स्रोतों के संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को जल के महत्व, वर्षा जल संचयन एवं जल बचाने के उपायों के प्रति प्रेरित किया गया। संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर प्रेरणादायक संदेश अंकित किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक जल संरक्षण का संदेश पहुँच सके। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल ही जीवन है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

## एक नजर — मध्यप्रदेश के विकास में जागरूक सिविल सोसायटी जरूरी : कुलाधिपति नाहटा

## शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार योग्य कौशल पर जोर

**मंदसौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में हुए सेमिनार में पूर्व मंत्री व मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेंद्र नाहटा ने कहा कि मध्यप्रदेश के समग्र विकास के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने के साथ-साथ एक जागरूक सिविल सोसायटी का होना अत्यंत आवश्यक है, जो लक्ष्यों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर सके।



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं डेवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मध्य प्रदेश का विकास और चुनौतियां' विषयक सेमिनार में नाहटा ने नीति आयोग की राज्यों की रैंकिंग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास मुख्यत: शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है, जिन पर मध्यप्रदेश को गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। नाहटा ने कहा कि शालेय शिक्षा में संख्या आधारित उपलब्धियां उत्साहजनक हैं, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार अभी भी जरूरी है। व्यावसायिक शिक्षा में निजी भागीदारी की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को उनकी रुचि के अनुरूप अवसर मिलेंगे। मध्यप्रदेश को उत्तर और मध्य भारत का शैक्षणिक केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।

नाहटा ने स्पष्ट कहा कि कॉलेजों और निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ने के बावजूद रोजगार योग्य प्रोफेशनल्स की कमी बनी हुई है, जिसके कारण उद्योग प्रदेश में निवेश करने से हिचकते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ने के बावजूद बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए गुजरात और राजस्थान जा रहे हैं। उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार लगभग 60 हजार करोड़ रुपये ब्याज और किश्तों के भुगतान में खर्च कर रही है।

हालांकि, उन्होंने प्रदेश में सड़कों और बुनियादी ढांचे में हो रहे निवेश की सराहना भी की। यह तीसरा अवसर रहा जब नाहटा विश्वविद्यालय परिसर में प्रदेश के विकास विषयक कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. गणेश कशडीया, अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वर्मा और अन्य मौजूद थे।

# नीमच

## एक नजर में

### लोक अदालत के तहत अधिभार में छूट 31 मार्च तक

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने एक प्रेस नोट में बताया कि लोक अदालत के तहत संपत्ति कर व जल कर में मिलने वाली अधिभार की छूट की समय सीमा बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दी गई है। श्रीमती बामनिया ने कहा कि संपत्ति कर व जलकर के जिन भी बकायादारो ने अभी तक संपत्ति कर व जलकर के अधिकार की छूट का लाभ नहीं उठाया है वह नगर पालिका कार्यालय में 31 मार्च 2026 तक पहुंचकर शासन द्वारा निर्धारित अधिभार में छूट का लाभ उठाएं। 31 मार्च 2026 के पश्चात बकायादारों को अधिभार सहित संपूर्ण राशि जमा कराना होगी।

### नीमच मंडी बैंक अवकाश पर भी खुली रहेगी

**नीमच।** मंडी में 27 से 29 मार्च तक बैंक छुट्टी होने के बावजूद मंडी खुलेगी। यह निर्णय किसानों को फसल बेचने में होने वाली परेशानी और मंडी समिति की आय को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भोपाल स्थित मंडी बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक के निर्देशों के बाद यह व्यवस्था लागू की गई है। मंडी प्रशासन और व्यापारी संघ के समन्वय से तय हुआ है कि इन तीन दिनों में नीलामी का कार्य पूरी तरह सुचारू रूप से चलेगा। इसका उद्देश्य वित्तीय वर्ष के अंत में किसानों को लंबा इंतजार न करवाना और उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना है। मंडी सचिव उमेश बसेड़िया (शर्मा) ने बताया कि छुट्टी के दौरान भी व्यापारियों की ओर से किसानों को उनकी उपलब्धता के अनुसार नकद भुगतान किया जाएगा। शेष राशि का भुगतान आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से सीधे बैंक खातों में भेजा जाएगा। प्रशासन ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपनी बैंक पासबुक अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। इससे भुगतान प्रक्रिया में कोई तकनीकी बाधा नहीं आएगी। साथ ही, बैंक बंद होने के बावजूद किसी प्रकार के विवाद या विरोध से बचने और सहयोग करने की अपील की गई है।




### बालाजी धाम में रामनवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नीमच।** पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर नीमच के उपनगर बघाना स्थित बालाजी धाम मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। रामनवमी के शुभ अवसर पर गुरुवार को प्रात: 8 बजे से एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में लगातार रामायण पाठ, भजन और कीर्तन चल रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा हुआ है। विशेष रूप से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम के प्राकट्य के पावन क्षण पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम की आराधना करेंगे। महाआरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। मंदिर में पिछले नौ दिनों से चल रहे हवन अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को प्रात: 10 बजे पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इस अनुष्ठान में भी क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। रामनवमी के इस पावन पर्व पर बालाजी धाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे बघाना क्षेत्र को धार्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूबा हुआ है।

## नीमच जीरन मल्हारगढ़ टू-लेन रोड का काम दो माह में होगा शुरू

▸ 96.59 करोड़ रुपये की सौगात



**जीरन।** जिले के महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में से एक, मल्हारगढ़- जीरन मार्ग के दिन अब बहुरने वाले हैं। मल्हारगढ़ से जीरन, चीताखेड़ा से नीमच तक जाने वाली लगभग 36.65 किलोमीटर लंबी सड़क को अब टू-लेन में तब्दील किया जा रहा है।



नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार के विशेष प्रयासों के बाद मध्य प्रदेश शासन ने इस परियोजना के लिए 96 करोड़ 59 लाख 75 हजार रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की है।

**पिछली बाधाएं दूर, दूसरी बार की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण:** इस सड़क निर्माण की राह में पूर्व में कुछ तकनीकी अड़चनें आई थीं। पहले बुलाए गए टेंडर में चयनित निर्माण एजेंसी ने बेहद कम दरें डाली थीं, जिसके कारण बाद में उसने काम करने में असमर्थता जताई। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की और टेंडर निरस्त कर दोबारा प्रक्रिया शुरू की। वर्तमान में दूसरी बार की टेंडर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है और दरों की अंतिम स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन स्तर पर भेज दिया है।

**खस्ताहाल सड़क से मिलेगी मुक्ति:** वर्तमान में इस मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे न केवल वाहनों का रखरखाव खर्च बढ़ गया है, बल्कि आवागमन में भी अत्यधिक समय व्यर्थ होता है और जर्जर सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। टू-लेन मार्ग बनने से दर्जनों गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और हजारों राहगीरों को सुरक्षित व सुगम सफर की सुविधा मिलेगी।

**अधिकारियों का आश्वासन: समय सीमा में होगा कार्य पूर्ण:** पीडब्ल्यूडी नीमच की एसडीओ ज्योति राठौर के अनुसार, परियोजना को वित्तीय और तकनीकी स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। शासन से दर स्वीकृति मिलते ही निर्माण एजेंसी के साथ अनुबंध की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और अगले दो महीनों के भीतर धरातल पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वहीं, ईई अमित नगेश ने स्पष्ट किया है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और विभाग की प्राथमिकता इस टू-लेन मार्ग को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की है। शासन स्तर से मंजूरी मिलते ही मशीनरी और मैनपावर के साथ काम शुरू कर दिया जाएगा।

## सफाई में टॉप-10 में लाने की कवायद रात में चैकिंग के लिए निकली सीएमओ



**नीमच।** नगर पालिका परिषद शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण के टॉप-10 शहरों में शामिल करने के उद्देश्य से रात्रिकालीन सफाई अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बुधवार देर रात नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा और सीएमओ दुर्गा बामनिया ने टैगोर मार्ग पर चल रहे सफाई अभियान का पैदल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, लगभग 15 सफाई कर्मियों की दो टीमें रात में सड़क की सफाई कर रही थीं। स्वास्थ्य सभापति सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित थे। अध्यक्ष और सीएमओ ने सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने टैगोर मार्ग पर पैदल घूमकर सभी दुकानदारों से स्वच्छता नियमों का पालन करने की अपील की। कुछ दुकानदारों ने सफाई के बाद मिट्टी छोड़ दिए जाने की शिकायत की, जिस पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि बार-बार सूचित करने के बाद भी गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष चोपड़ा ने बताया कि टैगोर मार्ग शहर का मुख्य मार्ग है। रात्रि में वाहनों की आवाजाही कम होने से सफाई बेहतर तरीके से हो पाती है, जिससे सुबह शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलता है। उन्होंने बोहरा गली के निवासियों की शिकायत पर अब वहां रात्रि में भी कचरा वाहन चलाने की घोषणा की।

## एक नजर — हेलमेट उपयोग के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर जारी रहे

## वाहनों के कांच पर काली फिल्म मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाए : कलेक्टर

**नीमच।** जिले में वाहनों पर काली फिल्म लगाकर वाहन उपयोग करने वालों, हेलमेट का उपयोग नहीं करने वाले, दो पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही निरंतर जारी है। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही निरंतर जारी रहे। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी को दिए गये।

बैठक में एसपी अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण अमित नार्गेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद सहित अन्य जिला अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में बताया गया, कि परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा पीयूसी प्रमाण पत्रों की जांच कर 148 वाहनों पर 1.70 लाख रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। चार पहिया वाहनों पर ब्लेक फिल्म पाए जाने पर 82 चालान कर 41 हजार रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना पाए जाने पर 1193 चालान कर 3 लाख 57 हजार 900 रूपये एवं सीट बेल्ट नहीं लगाना पाए जाने पर एक माह में 641 चालान बनाए जाकर 3 लाख 25 हजार 500 रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया है। नशा कर वाहन चलाते पाए जाने पर 10 चालान कर, एक लाख रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया है। नीमच मनासा मार्ग पर अकारण सड़क पर खड़े 5 वाहनों का चालान कर 25 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया है। बैठक में दुर्घटना संभावित झोन पर बड़े संकेतक लगाने के निर्देश भी सड़क निर्माण एजेंसी को दिए गऐ। बैठक में बताया गया कि जिले की मण्डी में नीमच में 425 ट्रेक्टर ट्रालियों पर नि:शुल्क रिप्लेक्टर लगाए गये है। मनासा में 125 ट्रेक्टर ट्राली एवं जावद में 30 ट्राली पर रिप्लेक्टर लगाए गये है।

बैठक में बताया गया, कि सगराना घाटी पर गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र के संकेतक बोर्ड लगवाने और ब्लिंकर लगाने रेडियम पट्टी, स्पीड ब्रेकर पर मार्किंग करवाने के निर्देशों के पालन में उक्त कार्य संबंधित द्वारा कर दिया गया हैं। बैठक में कलेक्टर ने सीएमओ नीमच को प्रायवेट बस स्टेण्ड पर सात दिवस में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने तथा यात्री वाहन निर्धारित स्टेण्ड पर ही रूके, बीच मार्ग में सड़क किनारे सवारी ना उतारे, चढ़ाए यह सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी संबंधितों को दिए गये हैं।